# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
## परीक्षा विभाग

क्रमांक :एफ./वमखुवि/परीक्षा/2026/2270 दिनांक : 05/02/26

### कार्यालय आदेश

विद्या परिषद की 72वीं बैठक के बिन्दु संख्या 72/26 पर प्रबंध मण्डल की 113वीं बैठक के बिन्दु संख्या 113/02 के द्वारा अनुमोदन के उपरान्त सभी विद्यार्थियों के लिये आंन्तरिक मूल्यांकन प्रपत्र व प्रोजेक्ट जमा व मूल्यांकन हेतु निम्नांकित व्यवस्था लागू की जाती है–

1. जनवरी प्रवेश सत्र के लिए आंतरिक मूल्यांकन व प्रोजेक्ट दिनांक 15 मार्च से 15 मई तक जमा करवाए जा सकेंगें। इस सत्र के लिए प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र आंतरिक मूल्यांकन जंचवाकर दिनांक 15 जून तक अंक उपलब्ध करवाऐंगे।
2. जुलाई प्रवेश सत्र के लिए आंतरिक मूल्यांकन व प्रोजेक्ट दिनांक 15 अगस्त से 15 नवंबर तक जमा करवाए जा सकेंगें। इस सत्र के लिए प्रत्येक क्षेत्रिय केन्द्र आंतरिक मूल्यांकन जंचवाकर दिनांक 15 दिसंबर तक अंक उपलब्ध करवाऐंगे।
3. जो छात्र निर्धारित अवधि के भीतर आंतरिक मूल्यांकन व प्रोजेक्ट जमा करने मे असफल रहेगें,उन्हें अगली परीक्षा के लिए तय की गई उपर्युक्तानुसार 3 महीने की अवधि में आंतरिक मूल्यांकन व प्रोजेक्ट जमा करवा सकेगें। ऐसे छात्रों का परिणाम अगली परीक्षा में ही घोषित किया जाएगा।
4. B.Ed कार्यक्रम व प्रवेश सत्र जनवरी 2025 से पूर्व प्रवेशित विद्यार्थी, जिनकी कार्यकम की अधिकतम अवधि बकाया हो, के विद्यार्थी दोंनो सत्रों के लिए दी जाने वाली समयावधि मे से किसी भी समयावधि में आंतरिक मूल्यांकन व प्रोजेक्ट जमा करा सकेंगे।

उपर्युक्त व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाती है।

//
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

01 सचिव, कुलगुरू, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
02 कुलसचिव, वमखुवि, कोटा
03 नियंत्रक, वित्त, वमखुवि, कोटा
04 समस्त क्षेत्रीय केन्द्र, वमखुवि
05 प्रभारी, ईएमपीसी, वमखुवि, कोटा को प्रेषित कर निवेदन है कि आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावें और उक्त व्यवस्था को लागू करने के लिए आवश्यक तकनीकी/प्रोग्रामिंग करवाने का श्रम करावें।

सहायक कुलसचिव